सत्यमेव जयते

**राजभवन सूचना परिसर, उत्तराखण्ड**
**प्रेस विज्ञप्ति**

## राज्यपाल ने रेडक्रॉस की आपदा राहत सामग्री वाहनों को दिखाई हरी झंडी।

## निःस्वार्थ भाव से मानवता की सेवा करता है रेडक्रॉस– राज्यपाल

**राजभवन देहरादून 09 जुलाई, 2025**

राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (से नि) ने आज राजभवन परिसर से राज्य के सभी जनपदों हेतु भारतीय रेडक्रॉस समिति, नई दिल्ली द्वारा उपलब्ध कराई गई आपदा राहत सामग्री वाहनों को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। आपदा राहत सामग्री के 05 वाहनों में कम्बल, तिरपाल, किचेन सेट और अन्य जरूरी सामान है, जो जरूरतमंदों को जरूरत के समय सम्बंधित जिलों की रेडक्रॉस सोसाइटी द्वारा उपलब्ध कराई जाएगी।

इस अवसर पर राज्यपाल ने कहा कि यह मानवीय सहायता का एक महत्वपूर्ण पहलू है, जो आपदा के समय राहत पहुंचाने में अत्यंत सहायक सिद्ध होगा। उन्होंने कहा कि उत्तराखण्ड जैसे भौगोलिक दृष्टि से संवेदनशील राज्य में रेडक्रॉस समिति की भूमिका विशेष रूप से महत्वपूर्ण हो जाती है। उन्होंने कहा कि रेडक्रॉस एक ऐसी संस्था है जो निःस्वार्थ भाव से जरूरतमंदों की सहायता करती है। यह संस्था मानवता–आधारित सेवा के लिए जानी जाती है और इसके वॉलेंटियर्स निरंतर निःस्वार्थ भाव से सेवा में जुटे रहते हैं।

राज्यपाल ने रेडक्रॉस के सभी पदाधिकारियों से अनुरोध किया कि वे इस राहत सामग्री को प्रदेश के सभी जनपदों की जिला रेडक्रॉस समितियों के माध्यम से उचित पात्रों तक सुनिश्चित रूप से पहुंचाएं, ताकि इसका समुचित उपयोग हो और यह वास्तव में जरूरतमंदों तक पहुंचे। राज्यपाल ने सभी रेडक्रॉस वॉलेंटियरों के प्रति आभार प्रकट किया। उन्होंने लोगों से अधिक से अधिक संख्या में रेडक्रॉस से जुड़ने का आह्वान किया।

इस अवसर पर चेयरमैन मैनेजिंग कमेटी, भारतीय रेडक्रॉस समिति उत्तराखण्ड डॉ. नरेश चौधरी, वाईस चेयरमैन मैनेजिंग कमेटी, भारतीय रेडक्रॉस समिति उत्तराखण्ड डॉ. आनन्द भारद्वाज, सदस्य मैनेजिंग कमेटी, जनपद देहरादून डॉ. मनोज वर्मा, सीएमओ मनोज शर्मा, सदस्य मैनेजिंग कमेटी मो. ओबेदुल्ला अंसारी, चिकित्साधिकारी राजभवन डॉ. महावीर त्यागी एवं डॉ. ए.के. सिंह सहित रेडक्रॉस समिति के वॉलेंटियर उपस्थित रहे।

..........0..........